# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : रात्रभमवि / अल / परीक्षा / 2025 / 780 दिनांक : 29-03-2025

**(B.B.A. & B.C.A.) परीक्षा–2025 हेतु परीक्षा फॉर्म भरने सम्बंधी विज्ञप्ति**

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से सम्बद्धता प्राप्त अलवर जिले के समस्त B.B.A. एवं B.C.A. पाठ्यक्रमों के सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके परीक्षा–2025 के परीक्षा आवेदन–पत्र / परीक्षा शुल्क वेबसाईट www.univindia.org से भरने की तिथियां निम्नानुसार हैं –

| Name of Exam | Without late fee | With late fee of Rs. 100/- | With late fee of Rs. 500/- | With double of the exam fee |
|---|---|---|---|---|
| BBA<br>BCA | 01-04-2025<br>to<br>07-04-2025 | 08-04-2025<br>to<br>12-04-2025 | 13-04-2025<br>to<br>15-04-2025 | Upto 05 days before the commencement of exam. |

परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in पर उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : रात्रभमवि / अल / परीक्षा / 2025 / 781-786 दिनांक : 29-03-2025

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय,अलवर।
2. वित्त नियंत्रक राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
3. निजी सचिव, कुलपति / निजी सचिव, कुल सचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
4. सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक–द्वितीय / सेलर। व ।।, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
5. मीडिया प्रभारी, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि क्षेत्राधिकार अलवर जिले के मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करे।
6. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : रात्रभमवि / अल / परीक्षा / 2025 / 787 दिनांक : 29-03-2025

## B.B.A. एवं B.C.A. परीक्षा–2025 हेतु परीक्षा फॉर्म भरने सम्बंधी

## दिशा–निर्देश

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा।
2. परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देश देखें।
4. जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है तथा उनका पुनर्मूल्यांकन परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है लेकिन वे पूरक परीक्षा योग्य हैं, ऐसे छात्र भी पूरक परीक्षा के लिए निर्धारित समय अवधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें।
5. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगें।
6. विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा–2024 में परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी पिछली कक्षा के अनुक्रमांक से परीक्षा फार्म भर सकेंगें। परीक्षा आवेदन पत्र में अपना ई–मेल आई. डी., मोबाइल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा विश्वविद्यालय में उपलब्ध होगी।

7. **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाइट www.univindia.org पर पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्वछात्र) का चयन कर मुख्य परीक्षा 2024 के अनुक्रमांक से परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

(ब) फॉर्म ऑनलाईन भरने के पश्चात् भरे गये फार्म के आधार पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर परीक्षा शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फार्म प्रिन्ट नहीं होगा केवल शुल्क निर्धारित होगी। परीक्षा फार्म की जॉच करलें, यदि आपका विवरण सही है तो ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे द्वारा परीक्षा फार्म शुल्क जमा करवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाइन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड(एटीएम) / क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवायें। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद वापस नहीं होगा। शुल्क जमा करवाने के पश्चात परीक्षा फार्म का प्रिंट अपने रिकार्ड के लिये ले सकते हैं।

(ब) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–प्रत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन – पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(स) दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् अगले दो कार्य दिवसों में परीक्षा फार्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा।

(द) परीक्षार्थी आवेदन पत्र की हार्डकॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करवाये। आवेदन पत्र के साथ पूर्व कक्षाओं में उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाओं की प्रतिलिपियां आवश्यक रूप से संलग्न करे।

8. सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन--पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉं पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे – परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, भरे गये प्रश्न पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें तथा कार्यालय प्रति, परीक्षा शुल्क की रसीद के साथ मय आवश्यक अंकतालिकाऍं आदि संलग्न हो।
9. महाविद्यालय परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फार्म की हार्डकापी को अपने पोर्टल पर शीघ्र वेरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उस सूची के अनुरूप सूची क्रमांक प्रत्येक परीक्षा फार्म पर अंकित कर परीक्षा फार्मों को कक्षावार व्यवस्थित कर सुरक्षित रखें एवं विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करने होंगे। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा टी.ए. / डी.ए. देय नहीं होगा।

**10- <u>FEE PAYABLE FOR SUPPLEMENTARY EXAM- 2025</u>**

| S. No. | Name of Exam | Regular | Ex-Student |
|---|---|---|---|
| 1. | B.B.A./ B.C.A.– Part – I<br>(If already enrolled) | 1450 | 1790 |
| 2. | B.B.A./ B.C.A.– Part – I<br>(If not enrolled)<br>A- Non Rajasthan Board Students | 2130 | 1790 |
| | B- Rajasthan Board Students | 1790 | - |
| 3. | B.B.A./ B.C.A.– Part – II | 1450 | 1790 |
| 4. | B.B.A./ B.C.A.– Part – II<br>(With due paper of Part – I) | 1960 | 2440 |
| 5. | B.B.A./ B.C.A.– Part - III | 2110 | 2440 |
| 6. | B.B.A./ B.C.A.– Part – III<br>(With due paper of Part – I) | 2640 | 3070 |
| 7. | B.B.A./ B.C.A.– Part – III<br>(With due paper of Part – II) | 2700 | 3170 |
| 8. | B.B.A./ B.C.A.– Part – III<br>(With due paper of Part – I & II) | 3170 | 3650 |
| 9. | Fee for Physically Challenged Students | 660 | 750 |
| Enrolment Fees 340/- & Eligibility Fees 340/- | | | |

**Enrollment Fee** ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसका इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार नामांकन होगा।

**Eligibility Fee** ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसने अर्हयक परीक्षा (Qualifying Exam) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर / राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से भिन्न किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।

In addition to above exam fee Rs. 170/- Per Practical Examination will be charged from the Regular & Ex-Student

**<u>नोट :–</u>**

(i) Every regular Student will deposit Development fee of Rs. 50/- and Sports Board fee of Rs. 50/- in addition to above exam fees.

(ii) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडीकल ऑफीसर से हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

परीक्षा नियंत्रक

E:\EXAM 2025\Notification_2025\HK_BBA_BCA__2025_oldfee.docx